भारत सरकार

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

(राजभाषा अनुभाग)

विषयः माननीय राज्य मंत्री महोदय की अध्यक्षता में राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह।

दिनांक 01.02.2019 को माननीय कार्मिक राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग में राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंत्री महोदय ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्या की अधिष्ठायी देवी सरस्वती की वंदना की गई। इस अवसर पर मंत्री महोदय ने राजभाषा विभाग की पुरस्कार योजना तथा सितम्बर, 2018 में आयोजित हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं और वर्ष के दौरान हिन्दी में सर्वाधिक कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए। इसके साथ ही, हिन्दी में सबसे अधिक काम करने वाले विभाग के अनुभाग तथा सम्बद्ध कार्यालय को राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर मंत्री महोदय ने विभाग की राजभाषा हिंदी की ई-गृह पत्रिका **'कौशल'** के प्रथम अंक का लोकार्पण भी किया और आशा व्यक्त की कि पत्रिका के अंक निर्धारित समय के अनुसार प्रकाशित होते रहेंगे। मंत्री महोदय ने इस गृह पत्रिका में विभाग की मुख्य उपलब्धियों एवं कार्यकलापों का समावेश करने का भी सुझाव दिया ताकि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की क्रियाकलापों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके। इस कार्यक्रम में पुरस्कार विजेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त विभाग के अन्य कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

....